
NIIT
Welcome to the world of BFSI
GPS Map Camera
Fatehabad, Haryana, India
1031, Government College For Women bhodia khera, Haryana 125050, India
Lat 29.49679°
Long 75.429206°
14/02/23 11:26 AM GMT +05:30
Google



*बैंकिंग सैक्टर में करियर के अवसर विषय पर आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते बैंक अधिकारी।*

# बैंकिंग सैक्टर में करियर के अवसर विषय पर लगी कार्यशाला

फतेहाबाद, 6 फरवरी (ब्यूरो): सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल व वाणिज्य परिषद के सहयोग बैंकिंग सैक्टर में करियर के अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने छात्राओं को बताया कि किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में बैंकिंग व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान होता है। बैंकों के बिना व्यापार, भुगतान, बचत, हस्तांतरण, सुरक्षा और किसी भी निवेश के लिए उपयुक्त सहायता के बारे में सोचना एक स्वप्न की तरह है। बैंक के माध्यम से ही हमारी इन सभी प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति संभव हो पाती है। बैंकिंग और बैंकिंग क्षेत्र में करियर सबसे अधिक मांग वाले केरियर में से एक है।

इस कार्यशाला में आई.सी. आई.सी.आई. बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मनीष देशवाल ने बैंकिंग कार्यप्रणाली के बारे में स्पष्ट रूप से बताया। उन्होंने बैंकिंग प्रणाली के वर्तमान परिदृश्य को स्पष्ट रूप से इंगित किया, विशेष रूप से इंटरनैट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, टैली बैंकिंग, ए.टी.एम., डैबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन बैंकिंग, फंड ट्रांसफर-एन.ई.एफ.टी., आर.टी.जी.एस. आदि के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान डिप्टी मैनेजर नितिन मलिक ने बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं के बारे में उपयोगी तरीके से बताया।

उन्होंने बचत बैंक खाता, चालू खाता, विभिन्न जमा योजनाओं आदि के बारे में जानकारी देते हुए छात्राओं को बैंकिंग सैक्टर में कैरियर ऑप्शन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। अंत में छात्रों ने बैंकिंग परिचालन के बारे में कई प्रश्न पूछे और उन्होंने छात्राओं की शंकाओं को दूर किया।

# सीएमजी महिला कालेज में कार्यशाला : छात्राओं को बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसर बताए

जागरण संवाददाता, फतेहाबाद : सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में करियर गाइडस एंड प्लेसमेंट सेल व वाणिज्य परिषद के सहयोग बैंकिंग सेक्टर में करियर के अवसर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचाय डा. राजेश मेहता ने छात्राओं को बताया कि किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में बैंकिंग व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान होता है।

बैंकों के बिना व्यापार, भुगतान, बचत, हस्तांतरण, सुरक्षा और किसी भी निवेश के लिए उपयुक्त सहायता के बारे में सोचना एक स्वप्न की तरह है। बैंक के माध्यम से ही हमारी इन सभी प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति संभव हो पाती है। बैंकिंग और बैंकिंग क्षेत्र में करियर सबसे अधिक मांग वाले कैरियर में से एक है। इस कार्यशाला में आईसीआईसीआई बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मनीष देशवाल ने बैंकिंग कार्यप्रणाली के बारे में स्पष्ट रूप से बताया। उन्होंने बैंकिंग प्रणाली के वर्तमान परिदृश्य को स्पष्ट रूप से इंगित किया, विशेष रूप से इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, टेली बैंकिंग, एटीएम, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आनलाइन बैंकिंग, फंड ट्रांसफर- एनईएफटी, आरटीजीएस आदि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डिप्टी मैनेजर नितिन मलिक ने बैंकों द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न ऋण सुविधाओं के बारे में उपयोगी तरीके से बताया। उन्होंने बचत बैंक खाता, चालू खाता, विभिन्न जमा योजनाओं आदि के बारे में जानकारी देते हुए छात्राओं को बैंकिंग सेक्टर में करियर ऑप्शन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। अंत में छात्रों ने बैंकिंग परिचालन के बारे में कई प्रश्न पूछे और उन्होंने छात्राओं की शंकाओं को दूर किया।

अवसर पर करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रो. सुमित्रा, डा. मोहिना, डा. रीता गलगट, डा. पूजा, प्रो. रीटा, प्रीति व पवन कुमार मौजूद रहे।



राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडियाखेड़ा में बैंकिंग सेक्टर में करियर के अवसर विषय पर आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते बैंक अधिकारी। डीपीआरओ


NiSM
kotak
FINANCIAL EDUCATION FOR
CITIZEN
Kona Kona Sik
(A Kotak Securities CS
ve)
NiSM
Kona Kona Shiksha
kotak
FINANCIAL ED
FOR YOUNG
Kona Kona



Career Guidance
&
Placement Cell
One Day Seminar on
"21st Century IT Skills"
04March 2023




NiSM
National Institute of Securities Markets
Kona Kona Shiksha
kotak
FINANCIAL EDUCATION FOR YOUNG CITIZEN
Kona Kona Siksha
(A Kotak Securities CSR initiative)
Program delivered by
NiSM
NiSM
Kona Kona Shiksha
kotak Securities
FINANCIAL EDUCA
FOR YOUNG CITI


NiSM
SKYBAG
GPS Map Camera
Fatehabad, Haryana, India
FCXH+7JC, Fatehabad, Haryana 125050, India
Lat 29.497288°
Long 75.428915°
28/03/23 11:15 AM GMT +05:30
Google



# युवाओं का वित्तीय साक्षर होना बहुत ही आवश्यक : डॉ. मेहता

संवाद न्यूज एजेंसी

## वित्तीय शिक्षा और शेयर बाजार में कॅरिअर विषय पर हुई कार्यशाला

फतेहाबाद। सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय भोड़िया खेड़ा में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा और शेयर बाजार में करियर के अवसर विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला हुई। इसके मुख्य वक्ता सेबी में एनआईएसएम अरुण पूनिया रहे जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने की।

डॉ. मेहता ने छात्राओं से कहा कि वित्तीय संकट का समय हमें धन प्रबंधन और धन का कुशल उपयोग सिखाता है। युवाओं का निश्चित रूप से वित्तीय साक्षर होना आवश्यक है क्योंकि अगर वह वित्तीय साक्षर होंगे तभी अपनी कमाई का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग कर सकते हैं। हमारे निवेश करने का तरीका वर्तमान और भविष्य की वित्तीय परिस्थितियों के साथ-साथ व्यक्तिगत प्राथमिकताओं पर भी निर्भर करता है। सभी युवा तेजी से आधुनिक दुनिया की तरफ बढ़ रहे हैं जहां उन्हें भविष्य में स्वयं के लिए वित्तीय योजना बनाने की जिम्मेदारी लेनी होगी।


कॅरिअर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल प्रभारी सहायक प्रो. सुमित्रा ने कहा कि एक ठोस निवेश योजना बनाते समय आय व व्यय, संपत्ति व देनदारियों, जिम्मेदारियों और लक्ष्यों की विस्तृत समझ रखना महत्वपूर्ण होता है।

इस मौके पर डॉ. मोहिना, डॉ. रीटा, डॉ. पूजा, डॉ. कविता, सहायक प्रो. प्रीति व छात्राएं उपस्थित रही।


GPS Map Camera
Fatehabad, Haryana, India
1031, Government College For Women bhodia khera, Haryana 125050, India
Lat 29.49679°
Long 75.429206°
28/03/23 11:15 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Fatehabad, Haryana, India
1031, Government College For Women bhodia khera, Haryana 125050, India
Lat 29.49679°
Long 75.429206°
28/03/23 11:14 AM GMT +05:30
Google


One Day Seminar on


GPS Map Camera
Fatehabad, Haryana, India
1031, Government College For Women
bhodia khera, Haryana 125050, India
Lat 29.49679°
Long 75.429206°
04/03/23 10:21 AM GMT +05:30
Google


35
×35
12|25
GPS Map Camera
Fatehabad, Haryana, India
1031, Government College For Women
bhodia khera, Haryana 125050, India
Lat 29.49679°
Long 75.429206°
04/03/23 10:21 AM GMT +05:30
Google


realme Shot by reetsuthar
2023-03-04 11:45


GPS Map Camera
Fatehabad, Haryana, India
1031, Government College For Women bhodia
khera, Haryana 125050, India
Lat 29.49679°
Long 75.429206°
28/03/23 11:15 AM GMT +05:30
Google

# धन का कुशल उपयोग करने को युवाओं का वित्तीय साक्षर होना जरूरी : मेहता



राजकीय महिला महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा और शेयर बाजार में करियर के अवसर विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेतीं छात्राएं। • विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, फतेहाबाद** : सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा युवाओं की सहायता के लिए वित्तीय शिक्षा और शेयर बाजार में करियर के अवसर विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा. राजेश मेहता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय संकट का समय हमें धन प्रबंधन और धन का कुशल उपयोग सिखाता है। युवाओं का निश्चित रूप से वित्तीय साक्षर होना आवश्यक है, क्योंकि अगर वह वित्तीय साक्षर होंगे तभी अपनी कमाई का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग कर सकते हैं। पैसा हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन का केंद्र है, हम न केवल शिक्षा बल्कि हम जो खाते हैं, जो कपड़े पहनते हैं,

**• युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा और शेयर बाजार में करियर विषय पर कार्यशाला का आयोजन**

तकनीक जिसका हम उपयोग करते है, के लिए धन की आवश्यकता होती है। हमारे निवेश करने का तरीका वर्तमान और भविष्य की वित्तीय परिस्थितियों के साथ-साथ व्यक्तिगत प्राथमिकताओं पर भी निर्भर करता है। सभी युवा तेजी से आधुनिक दुनिया की तरफ बढ़ रहे हैं जहां उन्हें भविष्य में स्वयं के लिए वित्तीय योजना बनाने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल प्रभारी सहायक प्रो. सुमित्रा ने दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे रिसोर्स पर्सन अरुण पूनिया (एनआईएसएम, सेबी) व सभी छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि एक ठोस निवेश योजना बनाते समय आय और व्यय, संपत्ति और देनदारियों, जिम्मेदारियों और लक्ष्यों की विस्तृत समझ रखना महत्वपूर्ण होता है।

## विभिन्न विषयों के बारे में बताया

कार्यशाला में छात्राओं को बताया कि वित्तीय साक्षरता आधुनिक समाज में भाग लेने के लिए एक प्रमुख जीवन कौशल है। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को प्रतिभूति बाजार में निवेश, प्राथमिक और द्वितीयक बाजार, म्यूच्यूअल फंड, विनियमन सुरक्षा व प्रतिभूति बाजार में कैरियर के अवसर जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला के अंत में छात्राओं के शंकाओं को दूर किया गया। इस अवसर पर डा. मोहिना, डा. रीटा, डा. पूजा, डा. कविता, सहायक प्रो. प्रीति व छात्राएं उपस्थित रही।

# युवाओं का वित्तीय साक्षर होना आवश्यक : प्राचार्य मेहता

## युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा और शेयर बाजार में करियर विषय पर कार्यशाला लगी



*वित्तीय शिक्षा और शेयर बाजार में करियर के अवसर विषय पर आयोजित कार्यशाला में भाग लेती छात्राएं।*

फतेहाबाद, 28 मार्च (स.ह.) : सी.एम.जी. राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में करियर गाइडैंस एंड प्लेसमैंट सेल द्वारा युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा और शेयर बाजार में करियर के अवसर विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. राजेश मेहता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय संकट का समय हमें धन प्रबंधन और धन का कुशल उपयोग सिखाता है। युवाओं का निश्चित रूप से वित्तीय साक्षर होना आवश्यक है क्योंकि अगर वह वित्तीय साक्षर होंगे तभी अपनी कमाई का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग कर सकते हैं। पैसा हमारे दिन-प्रतिदिन के जीवन का केंद्र है, हम न केवल शिक्षा बल्कि हम जो खाते हैं, जो कपड़े पहनते हैं, तकनीक जिसका हम उपयोग करते है, के लिए धन की आवश्यकता होती है। हमारे निवेश करने का तरीका वर्तमान और भविष्य की वित्तीय परिस्थितियों के साथ-साथ व्यक्तिगत प्राथमिकताओं पर भी निर्भर करता है। सभी युवा तेजी से आधुनिक दुनिया की तरफ बढ़ रहे हैं जहां उन्हें भविष्य में स्वयं के लिए वित्तीय योजना बनाने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

करियर गाइडैंस एंड प्लेसमैंट सैल प्रभारी सहायक प्रो. सुमित्रा ने दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे रिसोर्स पर्सन अरुण पूनिया (एनआईएसएम, सेबी) व सभी छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि एक ठोस निवेश योजना बनाते समय आय और व्यय, संपत्ति और देनदारियों, जिम्मेदारियों और लक्ष्यों की विस्तृत समझ रखना महत्वपूर्ण होता है।

उन्होंने छात्राओं को बताया कि वित्तीय साक्षरता आधुनिक समाज में भाग लेने के लिए एक प्रमुख जीवन कौशल है। उन्होंने बचत व निवेश के अंतर को समझाते हुए कहा कि निवेश के लिए जिस पूंजी की आवश्यकता होती है वह पूंजी बचत से ही उत्पन्न हो सकती है। बचत आमतौर पर अल्पावधि होती है और कोई भी ज्यादा शोध किए बिना की जा सकती है।

दूसरी तरफ निवेश, धन निर्माण, घर खरीदने, शिक्षा के वित्तपोषण आदि जैसे बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया जाता है। निवेश के लिए अक्सर दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं और बाजार अनुसंधान की आवश्यकता हो सकती है। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को प्रतिभूति बाजार में निवेश, प्राथमिक और द्वितीयक बाजार, म्यूच्यूअल फंड, विनियमन सुरक्षा व प्रतिभूति बाजार में कैरियर के अवसर जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला के अंत में छात्राओं की शंकाओं को दूर किया गया। इस अवसर पर डॉ. मोहिना, डॉ. रीटा, डॉ. पूजा, डॉ. कविता, सहायक प्रो. प्रीति व छात्राएं उपस्थित रही।